रजिस्ट्री सं. डी—(डी एन)—128/91 REGISTERED NO. D—(DN)—128/91

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 51] नई दिल्ली, शनिवार, दिसम्बर 21, 1991 (अग्रहायण 30, 1913)
No. 51] NEW DELHI, SATURDAY, DECEMBER 21, 1991 (AGRAHAYANA 30, 1913)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके ।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 4

[PART III—SECTION 4]

सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं

[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

भारतीय स्टेट बैंक

केन्द्रीय कार्यालय

बम्बई, दिनांक 28 नवम्बर 1991

सं. क्र. 19/1991—इसके द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय स्टेट बैंक (समनुषंगी बैंक) अधिनियम 1959 की धारा 25 की उपधारा (1) के अनुच्छेद (घ) के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक के साथ विचार-विमर्श के बाद भारतीय स्टेट बैंक श्री एन. एम. श्रीनिवासन के स्थान पर श्री के. जोसेफ मैथ्यू, "मैरीकमोल" कैयालक्कार्कोम हाउस, कौउंडीयार, त्रिवेन्द्रम-3, को स्टेट बैंक आफ त्रावणकोर के निदेशक पद पर तीन वर्ष की अवधि दिनांक 29 नवम्बर 1991 से 28 नवम्बर 1994 (दोनों दिन सम्मिलित) तक के लिए नामित करता है।

हस्ताक्षर अपठनीय
अध्यक्ष

दिनांक 31 अक्तूबर 1991

स. क्र 10/1991—भारतीय स्टेट बैंक आफ (सहयोगी बैंक) अधिनियम 1959 की धारा 63 की उप धारा (1) के अंतर्गत दिये गये अधिकारों के अनुसार भारतीय स्टेट बैंक ने स्टेट बैंक आफ हैदराबाद (कर्मचारियों की ग्रेच्युटी का भुगतान) न्यास में निम्नलिखित संशोधन किया है जो कि भारतीय रिजर्व बैंक एवं स्टेट बैंक आफ हैदराबाद के निदेशक मंडल द्वारा भी अनुमोदित है :—

1. **संक्षिप्त शीर्षक एवं आरंभ :**

(क) इन विनियमों को स्टेट बैंक आफ हैदराबाद (कर्मचारियों को ग्रेच्युइटी का भुगतान) विनियमन, 1960 कहा जाएगा।

(ख) वे दिनांक 1 अक्तूबर 1959 से लागू समझे जाएंगे।

2. **परिभाषाएं** :

इन विनियमों के, विषयवस्तु के संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित के सिवाय :

(क) "बैंक" से स्टेट बैंक आफ हैदराबाद अभिप्रेत है।

(ख) "बोर्ड" से बैंक का निदेशक बोर्ड अभिप्रेत है।

(ग) "कर्मचारी" से कोई कर्मचारी, जो दिनांक 1 अक्तूबर 1959 को बैंक की स्थायी सेवा में है परन्तु स्टेट बैंक आफ हैदराबाद कर्मचारी पेंशन निधि का सदस्य नहीं है या बैंक का कोई स्थायी कर्मचारी जो दिनांक 1 अक्तूबर 1959 या उसके बाद बैंक में नियुक्त हुआ है (और अन्य कर्मचारी जो उस दिनांक को या उसके बाद परिवीक्षा पर या अस्थायी आधार पर नियुक्त हुआ है और उसी पद में स्थायी हो जाता है तब वह स्थायी कर्मचारी हो जाता है), अभिप्रेत है।

(घ) विनियम 4 के उप-विनियम (1) तथा विनियम 5 के प्रयोजन के लिए "बैंक में सेवा" वाक्यांश में बैंक में कर्मचारी के स्थायीकरण के तुरंत पहले की उसकी सतत परिवीक्षा या स्थायी सेवा अवधि भी सम्मिलित होगी।

(ङ) "वेतन" से औसतन मूलपद वेतन और विशेष भत्ते और स्थानापन्न भत्ते, जो यथास्थिति मृत्यु, अपंगता, सेवा निवृत्ति, पदत्याग या सेवा से बरखास्तगी के तत्काल पहले के 12 महीने के दौरान देय थी, या कोई अन्य परिलब्धियां, जो बोर्ड द्वारा "वेतन" के रूप में विशेष रूप से वर्गीकृत की जाए, अभिप्रेत है। परन्तु यह कि स्टेट बैंक आफ हैदराबाद (अधिकारी) सेवा विनियमन 1979 द्वारा नियंत्रित कर्मचारियों के मामले में वेतन में सेवानिवृत्ति, मृत्यु, अपंगता या पद त्याग या 10 वर्ष की सेवा पूर्ति के बाद दण्ड के रूप में कटे छोड़कर, किसी भी अन्य प्रकार से सेवा समाप्ति के दिनांक को उसके द्वारा आहरित अंतिम मूल वेतन अभिप्रेत होगा।

(च) "ग्रेच्युइटी निधि" से दिनांक 17 नवम्बर 1975 के ग्रेच्युइटी ट्रस्ट डिलेड में परिभाषित ग्रेच्युइटी निधि अभिप्रेत है।

(छ) "न्यासी" से विनियम 3 के अनुसार गठित व्यक्ति जिनमें ग्रेच्युइटी निधि निहित है, अभिप्रेत है।

3. न्यासी से, बैंक के निदेशक बोर्ड के सदस्य जिनमें उनकी न्यासी हैसियत में "ग्रेच्युटी निधि" निहित है, अभिप्रेत है, न्यासी का भारत में निवास होगा और उसके स्थायी रूप से भारत छोड़ने पर ऐसा न्यासी अपना पद छोड़ देगा। प्रबंध निदेशक कार्यकारी न्यासी होंगे तथा उन्हें ग्रेच्युइटी निधि के दैनिक संचालन के अधिकार होंगे।

स्पष्टीकरण : इस विनियम के प्रयोजन के लिए "प्रबंध निदेशक" अभिव्यक्ति का अर्थ बैंक के इस समय के प्रबंध निदेशक से होगा और इसमें स्थानापन्न या कार्यकारी प्रबंध निदेशक भी सम्मिलित है अथवा ऐसे अन्य व्यक्ति जो बैंक के प्रबंध निदेशक के कार्य कर रहे हैं। कार्यकारी न्यासी द्वारा इस प्रयोजन में विनिर्दिष्ट बैंक का एक अधिकारी इस निधि का पदेन सचिव होगा।

4. **न्यासियों की बैठक** :

(1) न्यासियों की प्रत्येक बैठक में भारतीय स्टेट बैंक के अध्यक्ष और उनकी अनुपस्थिति में सामान्यतः अथवा कोई विशेष बैठक के संबंध में अध्यक्ष द्वारा लिखित रूप से प्राधिकृत बैंक के कोई निदेशक तथा अध्यक्ष की अनुपस्थिति या वैसे प्राधिकरण के न होने पर उपस्थित न्यासियों में से चुना गया कोई न्यासी बैठक का अध्यक्ष होगा। कारोबार के संचालन के लिए कम से कम तीन न्यासियों का उपस्थित रहना, जिसमें से एक कार्यकारी न्यासी होगा, कोरम के लिए आवश्यक है। बैठक में उठाए गए प्रश्नों को बहुमत से पास कर निर्णय लिया जाएगा, और बराबरी के मामले में बैठक की अध्यक्षता करने वाले व्यक्ति का निर्णायक मत होगा।

(2) न्यासियों का परिचालन द्वारा पारित तथा अधिकांश न्यासियों द्वारा हस्ताक्षरित किया संकल्प वैसे ही वैध तथा मान्य होगा मानो वह न्यासियों की गठित एवं विधिवत् बुलाई गई बैठक में पारित किया गया हो। संकल्प पर अंतिम न्यासी के हस्ताक्षर का दिनांक संकल्प का दिनांक होगा।

(3) न्यासियों के समय समय पर संकल्प द्वारा या उनके हस्ताक्षर से संकल्पों द्वारा, किसी एक या एक से अधिक न्यासियों को हस्ताक्षर करने अथवा भारसाधन हेतु सरकारी वचन-पत्र, भारत सरकार, राज्य सरकार द्वारा जारी की गई प्रतिभूतियां तथा न्यासियों द्वारा धारित अन्य सभी प्रतिभूतियां या हस्ताक्षरित अथवा पृष्ठांकित चैक, ड्राफ्ट, ब्याज-वारंट तथा ब्याज के लिए प्राप्तियों के परिवर्तन के लिए प्राधिकृत कर सकते हैं।

5. **लेखों के विवरण**

ग्रेच्युटी निधि लेखा वार्षिक 31 मार्च पर तैयार किए जाएंगे तथा उस तिथि में लेखापरीक्षित स्थिति विवरण बैठक में, जो प्रतिवर्ष दिनांक 31 जुलाई के पूर्व होगी, प्रस्तुत किए जाएंगे।

6. **निधि रकम में बैंक का स्वार्थ न रहे**

ग्रेच्युटी निधि की कोई रकम किसी भी परिस्थिति में बैंक द्वारा प्राप्य नहीं होगी, न ही बैंक का ग्रेच्युटी राशि पर कोई प्रत्यावर्तनाधिकार अथवा प्रभार होगा।

7. **निधि का निवेश**

निधि की समस्त रकम बैंक में अलग खाते में जो "स्टेट बैंक आफ हैदराबाद (कर्मचारियों को ग्रेच्युटी का भुगतान) न्यास" के रूप में होगा, जमा की जा सकेगी और ऐसी रकम जो न्यासियों द्वारा जमा नहीं की गई है, भारत सरकार द्वारा आय कर नियम 1962 के नियम 101 के अनुसार या उस समय लागू उसके किसी सांविधिक आशोधन के अनुरूप उस समय अधिसूचित कोई भी प्रतिभूतियों में न्यासियों द्वारा निवेश किया जाएगा। यह निवेश इस भांति हो कि निवेश की गई रकम भारत में पूंजी लाभ कर के लिए देय होगी।

8. **निधि के लिए निदेशकों की भरती** :

निधि के लाभ में बैंक के कोई भी निदेशक को प्रवेश दिया जा सकता है यदि वह बैंक का पूर्णकालिक वास्तविक कर्मचारी

है तथा बैंक में लाभार्थी के रूप में शेयर का स्वामी नहीं है तथा जिसको 5 प्रतिशत से अधिक वोटिंग अधिकार नहीं है।

9. **बैंक का अंशदान** :

निधि के लिए बैंक द्वारा साधारण वार्षिक अंशक उचित आधार पर प्रत्येक संबंधित कर्मचारी की सेवा की अवधि का ध्यान में रखते हुए किया जाएगा, अतः किसी भी तरह, ऐसा अंशदान प्रत्येक वर्ष के दौरान हर एक कर्मचारी के उसके वेतन के $8\frac{1}{3}\%$ से अधिक नहीं होगा । इसके अतिरिक्त, तीन वर्षों की अवधि के बाद या पूर्व न्यासियों द्वारा स्थिति की समीक्षा करनी होगी तथा उस तिथि की देयता एवं पहले ही किए गए अंशदान की राशि तथा निधि की प्राधिकृत अनुमानित आय वैज्ञानिक बीमांकिक मूल्यांकन द्वारा निर्धारित करने के बाद, बैंक उस दिन में ग्रेच्युइटी देय के अंतर का निधि में अंशदान कर सकेगा बशर्ते कि किसी भी परिस्थिति में अंशदान प्रत्येक कर्मचारी के वेतन के $8\frac{1}{3}\%$ से अधिक नहीं होगा ।

10. **खर्च** :

प्रबंध के सभी आवश्यक खर्च तथा अन्य लागत प्रभार एवं व्यय जो न्यासियों द्वारा ग्रेच्युटी निधि के संबंध में किसी भी कारण के लिए खर्च किए जाते हैं, बैंक द्वारा उठाये जाएंगे।

11. **ग्रेच्युटी का भुगतान निधि में से किया जाना है** :

बैंक द्वारा किसी कर्मचारी का मंजूर की गई कोई ग्रेच्युइटी या ग्रेच्युटी प्राप्ति के पहले उसकी मृत्यु के मामले में इन विनियमों के अंतर्गत, किसी अन्य व्यक्ति या व्यक्तियों को न्यासियों द्वारा ग्रेच्युइटी निधि केवल कर्मचारी अथवा ऐसे अन्य व्यक्ति या व्यक्तियों को केवल भारत में भुगतान किया जाएगा।

12. **मंजूरी की शर्तें** :

किसी भी कर्मचारि को इन विनियमनों में उल्लिखित शर्तों, निबंधनों एवं अन्य प्रावधानों के अधीन ग्रेच्युटी स्वीकृत की जाएगी । परन्तु इस विनियम में उल्लिखित किसी बात को किसी कर्मचारी, जिनकी बैंक में सेवा निर्धारित समय के लिए उसकी सेवा को निबंधित करते हुए स्पष्ट संविदा द्वारा नियोजित हो, अपने अधिकार या फायदे के लिए समर्थन स्वरूप नहीं माना जाएगा जब तक करार में अन्यथा न दिया गया हो।

13. **कब अनुज्ञेय होगा** :

कर्मचारी को या कर्मचारी के मामले में ग्रेच्युइटी स्वीकृत की जाएगी, यदि

(1) वह बैंक की सेवा के दौरान मर जाता है, या

(2) वह शारीरिक या मानसिक रूप से अपंग होने के कारण बैंक की सेवा आगे नहीं कर सकता, या

(3) वह निवर्तन आयु प्राप्ति पर सेवा से निवृत्त होता है, या

(4) वह निवर्तन आयु के पूर्व बैंक के अनुमति से सेवा निवृत्त होता है, या

(5) वह ग्रेच्युटी के भुगतान का दावे में हकदार है :

(क) इन विनियमों के प्रावधानों तथा ग्रेच्युटी के भुगतान अधिनियम 1972 के अधीन भी, 5 वर्ष के पूर्ण सेवा के बाद बैंक के सेवा से पदत्याग करता है।

(ख) वह सिर्फ इन विनियमनों के प्रावधानों के अंतर्गत ग्रेच्युइटी के भुगतान का हकदार है परन्तु ग्रेच्युटी के भुगतान अधिनियम के अंतर्गत नहीं, 10 वर्ष की पूर्ण सेवा के बाद बैंक की सेवा से पदत्याग करता है, नीचे दिए गए उपबन्धों के अधीन :

(6) दुराचार के लिए बरखास्तगी को छोड़कर किसी अन्य कारण से बैंक द्वारा उसकी सेवाएं समाप्त कर दी जाती है,

(क) बैंक की सेवा से किसी कर्मचारी के दुराचार के कारण बरखास्तगी के मामले में, जो अन्यथा इन्हीं विनियमनों के अधीन ग्रेच्युइटी भुगतान के लिए हकदार रहता लेकिन ग्रेच्युइटी भुगतान अधिनियम, 1972 के अंतर्गत नहीं, उसे कोई ग्रेच्युइटी देय नहीं होगी।

(ख) इन विनियमनों के प्रावधानों एवं वैसे ही ग्रेच्युइटी भुगतान अधिनियम, 1972 के प्रावधानों के के अधीन अन्यथा ग्रेच्युइटी के लिए भुगतान के हकदार कर्मचारियों को कोई ग्रेच्युइटी देय नहीं होगी यदि ऐसे कर्मचारी की सेवाएं समाप्त की जाती है।

(1) उसके उपद्रवी या अनियमित आचरण या उसके द्वारा अन्य कोई हिंसा की क्रिया के लिए, अथवा

(2) ऐसा कोई भी कार्य जो नैतिक अधमता के अपराध की स्थापना करता है बशर्ते कि उसके द्वारा ऐसा अपराध अपनी नौकरी के दौरान किया गया है।

(7) तथापि, बशर्ते कि उपर्युक्त इसमें किसी बात के होते हुए भी कर्मचारी को या स्टेट बैंक आफ हैदराबाद (अधिकारी) सेवा विनियमन 1979 के अंतर्गत कर्मचारी के

(क) सेवानिवृत्ति

(ख) मृत्यु

(ग) अंगहीन जो उसे और सेवा के लिए अनुपयुक्त ठहराती है जैसा कि बैंक के द्वारा स्वीकृत चिकित्सा-अधिकारी द्वारा प्रमाणित किया गया है,

(घ) दस वर्ष की लगातार सेवा के बाद पदत्याग,

(ङ) दस वर्ष की लगातार सेवा की समाप्ति के बाद दण्ड के तरीके को छोड़कर किसी अन्य तरीके से सेवा समाप्ति, के संबंध में ग्रेच्युटी स्वीकृत की जाएगी।

13(2) कर्मचारी को देय ग्रेच्युइटी रकम का निर्धारण करते समय बैंक :—

(1) केवल इन विनियमों के प्रावधानों के अधीन किसी कर्मचारी के भुगतान के लिए हकदार रहने के मामले

में, वैसे कर्मचारी की अदक्षता या दुराचार के कारण हुई किसी वित्तीय हानि की रकम घटाते हुए ग्रेच्युटी की रकम मंजूर कर सकता है।

(2) उस कर्मचारी के मामले में जो ग्रेच्युटी भुगतान के लिए, इन विनियमों तथा वैसे ही ग्रेच्युटी अधिनियम 1972 के प्रावधानों के अधीन हकदार है :

(क) ग्रेच्युटी के भुगतान अधिनियम 1972 के लागू होने के पूर्व, कर्मचारी की अदक्षता या दुराचार के कारण हुई किसी वित्तीय हानि यद्यपि ऐसे दुराचार के लिए उसकी सेवाएं समाप्त नहीं की गई, को रकम घटाते हुए ग्रेच्युटी की रकम मंजूर की जाए।

(ख) कर्मचारी की जानबूझकर चूक, लापरवाही जिससे बैंक की संपत्ति को टूट-फूट या हानि पहुंचती है या संपत्ति नष्ट होती है, ऐसे कर्मचारी की सेवाएं यदि समाप्त की जाती है तो बैंक को हुई हानि या क्षति को समयहरण किया जाए।

14. **अनुज्ञेय राशि :**

विनियम 13 के प्रावधानो पर कोई प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना किसी कर्मचारी को स्वीकार्य ग्रेच्युटी की राशि निम्नानुसार होगी :—

(क) बैंक में सेवा के प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिए एक महीने के वेतन के बराबर राशि परन्तु अधिकतम 15 महीने के वेतन के बराबर राशि के अध्यधीन

(ख) बैंक में 30 वर्ष की सेवा से अधिक की अवधि के प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिए आधे महीने के वेतन के बराबर अतिरिक्त राशि।

(ग) ऊपर उप अनुच्छेद (क) और (ख) में संदर्भित उद्देश्य के लिए पूर्ण वर्ष की सेवा के पश्चात् की अवधि यदि 6 माह या इससे अधिक परन्तु एक वर्ष से कम हो तो ग्रेच्युटी के उद्देश्य हेतु उसे गणना में लिया जाएगा।

बशर्ते कि, ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम 1972 के प्रावधानों के अनुसार या वर्तमान में प्रभावी उसके किसी सांविधिक संशोधन के अनुसार यदि कर्मचारी को देय राशि, ग्रेच्युटी की अनुज्ञेय राशि जो उपर्युक्त (क), (ख) और (ग) के अनुसार निर्धारित राशि से अधिक है तो कर्मचारी ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार अधिक देय राशि का हकदार होगा।

15. **नामांकन**

(1) ग्रेच्युटी निधि के न्यासियों द्वारा कर्मचारी को ग्रेच्युटी रकम की देय तिथि के पूर्व या देय हुई रकम को अदा नहीं किए जाने के पूर्व, एक या अधिक व्यक्तियों को, उसके मृत्यु के मामले में ग्रेच्युटी राशि प्राप्त करने के अधिकारों के लिए नामांकन की अनुमति किया जा सकता है। ऐसा नामांकन इसकी सूची में फार्म "एफ" में किया जाना चाहिए या आवश्यकता अनुसार उसके लगभग समान के फार्म में किया जाना चाहिए।

(2) यदि कोई कर्मचारी उपर्युक्त शर्त के अंतर्गत एक से अधिक व्यक्तियो को नामित करता है, वह अपने नामांकन में प्रत्येक नामांकित व्यक्ति को राशि या देय हिस्से का इस तरह से उल्लेख करें कि वह संपूर्ण ग्रेच्युटी की रकम, जो उसकी मृत्यु की घटना में देय होगी, कवर हो जाए।

(3) नामांकन के समय कर्मचारी का परिवार रहने के मामले में, नामांकन उसके परिवार के एक या अधिक व्यक्तियों के पक्ष में होगा। ऐसे कर्मचारी द्वारा उसके परिवार के सदस्यों के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति के पक्ष में किया गया नामांकन अवैध रहेगा।

(4) नामांकन के समय कर्मचारी का परिवार न रहने के मामले में, नामांकन कोई व्यक्ति या व्यक्तियों के पक्ष में रह सकता है, परन्तु यदि कर्मचारी बाद में परिवार प्राप्त कर लेता है तो ऐसा नामांकन आगे अवैध माना जाएगा एवं कर्मचारी को उसके परिवार के एक या अधिक व्यक्तियों के पक्ष में नए नामांकन की अनुमति दी जा सकती है।

(5) कर्मचारी द्वारा किया गया नामांकन उसके द्वारा किसी भी समय अपने इस इरादे को इसकी सूची में फार्म "बी" में या उसके लगभग समान के फार्म में आवश्यकतानुसार, न्यासियों की लिखित सूचना द्वारा संशोधित किया जा सकता है।

(6) यदि नामांकित की कर्मचारी के पहले मृत्यु हो जाती है तो नामांकित के अधिकार फिर से कर्मचारी को प्राप्त होंगे, जो उस पर ऐसे अधिकार में संबंध में नया नामांकन कर सकता है।

(7) नामांकन या उसका संशोधन उसकी वैध सीमा तक न्यासियों द्वारा प्राप्त दिनांक से लागू होगी।

कर्मचारी के संबंध में "परिवार" में निम्न सम्मिलित माना जाएगे :

(क) पुरुष कर्मचारी के मामले में, वह स्वतः, उसकी पत्नी, उसके बच्चे—विवाहित या अविवाहित, उसके आश्रित माता-पिता और उसके पूर्व मृत लड़के की विधवा पत्नी एवं बच्चे, यदि कोई है।

(ख) महिला कर्मचारी के मामले में, वह स्वतः, उसका पति, उसके बच्चे—विवाहित या अविवाहित, उसके आश्रित माता-पिता तथा उसके पति के आश्रित माता-पिता और उसके पूर्व मृत लड़के की विधवा पत्नी एवं बच्चे, यदि कोई है।

बशर्ते कि यदि कोई महिला कर्मचारी, नियंत्रक प्राधिकारी को लिखित रूप में अपने पति को अपने परिवार से अलग करने की इच्छा व्यक्त करती है, वह पति एवं उसके आश्रित माता-पिता को तुरन्त से इस अधिनियम के प्रयोजन के लिए ऐसे महिला कर्मचारी के परिवार में सम्मिलित नहीं माना जाएगा जब तक कि ऐसे महिला कर्मचारी द्वारा उक्त सूचना बाद में वापस न ले ली जाए।

स्पष्टीकरण : जहां पर कोई कर्मचारी को उसके स्वीय विधि में उसके द्वारा बच्चा दत्तक लेने के लिए अनुमति देता है, उसके द्वारा विधिपूर्वक दत्तक लिया गया कोई भी बच्चा उसके परिवार में सम्मिलित माना जाएगा और जहां कर्मचारी का बच्चा किसी अन्य द्वारा दत्तक लिया जाता है तथा ऐसा दत्तक देना दत्तक करने वाले व्यक्ति के स्वीय विधि के अंतर्गत विधिपूर्ण है, ऐसा बच्चा उस कर्मचारी के परिवार से निकला गया है, माना जाएगा।

16. **कर्मचारी की मृत्यु पर भुगतान :**

ग्रेच्युइटी की प्राप्ति के पहले किसी कर्मचारी की मृत्यु हो जाने पर अनुज्ञेय ग्रेच्युटी रकम का भुगतान उसके नाम निर्वाचिती को किया जाएगा यदि उसने विनियम—15 के अनुसार वैध नामांकन किया है या ऐसे नामांकन की अनुपस्थिती में उसके वारिस को वैसे प्रमाण तथा क्षतिपूर्ति की शर्तों पर या अन्यथा न्यासियों द्वारा निर्धारित या अपेक्षित शर्तों के आधार पर ग्रेच्युइटी का भुगतान किया जाएगा।

17. **कर दायित्व :**

कर्मचारी को मंजूर की गई ग्रेच्युइटी रकम पर अगर कोई आय-कर या सुपर-कर देय हो तो उसका भुगतान बैंक द्वारा किया जाएगा।

18. **विनियमों में परिवर्धन तथा परिवर्तन :**

आय-कर आयुक्त की स्वीकृति की शर्त पर, न्यासियों द्वारा इन विनियमों के किसी भी प्रावधानों में बदल, हटाया, परिवर्तन या बढ़ाया जा सकता है जिससे कि ऐसे परिवर्तन, हटाना, विभिन्नता या परिवर्तन योजना के मुख्य उद्देश्य से असंगत न हो जाए।

19. **नियोजक का समापन :**

जब नियोजक (बैंक) को समाप्त किया जाना या बन्द किया जाना है, नियोजक से ऐसे प्रस्तावित समाप्त/बन्द किए जाने की सूचना प्राप्ति पर या समापन किए जाने के लिए दिए गए आदेश पर, न्यासियों द्वारा ऐसी सूचना की प्राप्ति तिथि या समापन आदेश से न्यासियों द्वारा निधि बंद की जाएगी, एवं आयकर आयुक्त के पूर्व अनुमोदन एवं उनके द्वारा निर्धारित अन्य ऐसी शर्तों के अधीन मानो कि सूचना प्राप्ति के दिनांक पर या समापन आदेश, जैसा भी मामला हो, के आधार पर नौकरी समाप्त की गई है, न्यासियों द्वारा वर्तमान हिताधिकारियों को ग्रेच्युटी भुगतान के लिए समाधानकारक व्यवस्था की जाएगी।

20. **निर्वाचन**

कर्मचारियों के लिए इन विनियमों के संबंध में या इन विनियमों के निर्वचन से संबंधित या ग्रेच्युटी निधि एवं उसके संचालन के संबंध के प्रश्न, विवाद के सभी संबंध एवं सभा मामलों में न्यासियों का निर्णय अंतिम निर्णय होगा तथा कर्मचारियों के लिए बाध्यकर होगा।

केन्द्रीय निदेशक मंडल के आदेशानुसार

(बी. महादेवन)

प्रबंध निदेशक

भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान

(चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स)

कलकत्ता-700071, दिनांक 24 नवम्बर 1991

सं० 3-ई० सी० ए० (8)/ 3/91-92—चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम, 1988 के विनियम 10 (1) खण्ड (तीन) के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सदस्यों को जारी किए गए प्रैक्टिस प्रमाण-पत्र उनके आगे दी गई तिथियों से रद्द कर दिए हैं क्योंकि वे अपने प्रैक्टिस प्रमाण पत्र को रखने के इच्छुक नहीं हैं ।

क्र० सं०	सदस्यता सं०	नाम एवं पता	दिनांक
1.	10801	श्री भीखम चन्द लम्बोरिया, एफ०सी०ए०, पी-14, सी०आई०टी० रोड, 3 फ्लोर, कलकत्ता-700073	29-07-91
2.	52108	श्री संजय वी० शाह, ए०सी०ए०, 85, चौरिंघी रोड, 2 फ्लोर, फ्लैट सं० 6, कलकत्ता-700020	17-09-91
3.	54149	श्री श्रीमोहन कोठारी, ए०सी०ए०, 49/43, रविन्द्र सरानी, रीसरा-712248	20-07-91
4.	54949	मिसिज वर्षा उदय महाजन, ए०सी०ए०, ई/175 सैक्टर-4, राउरकेला-769002	03-04-91
5.	55397	श्री अनिल कुमार गुप्ता, ए०सी०ए०, 11/ए, अर्ले स्ट्रीट, 1 फ्लोर, कलकत्ता-700026	02-07-91
6.	53540	श्री भास्कर रोय, ए०सी०ए०, मैनेजर-फाइनैन्स एण्ड एकाउन्ट्स, यू०पी०, स्ट्राव एण्ड प्रोडक्ट्स, पी०ओ० : अधवानपुर-241502 डिस्ट०-मुरादाबाद	29-06-91

ए० के० मजुमदार

सचिव

कानपुर-208001, दिनांक 21 अक्तूबर 19

सं० 3-सी० सी० ए०/ 5/6/91-92— इस संस्थान की अधिसूचना सं० 3-सी० सी० ए०/ 4/7/ 86-87 दिनांक 20-02-87, 3-सी सी०ए०, (4)/ 7/ 90-91, दिनांक 30-11-90 एवं 3-सी० सी० ए० (4) (9) /90-91, दिनांक 31-12-90 के संदर्भ में चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम, 1988 के विनियम 20 के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि उक्त विनियमों के विनियम 19 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद ने अपने सदस्यता रजिस्टर में निम्नलिखित सदस्यों का नाम पुनः उनके आगे दी गई तिथि से स्थापित कर दिया है।

क्र० सं०	सदस्यता सं०	नाम एवं पता	दिनांक
1.	15831	श्री डालीचन्द्र जैन, एफ०सी०ए० सीनियर प्रेसीडेंट मार्डन ट्रेडर्स (1) लि०, ग्राम-कैमा, जिला-भीलवाड़ा	27-05-91
2.	50739	श्री रविन्द्रनाथ घोष, ए०सी०ए०, एन०एच०-3/सी-17, बी०एम०टी०पी०पी०, पी०टी०एस० विन्ध्यानगर, जिला-सिद्धी-486885 (एम०पी०)	26-09-91
3.	70583	श्री अजय कुमार मेहरोत्रा, एफ०सी०ए०, 1/1, बी०डी०ए० शापिंग काम्पलेक्स, पीलीभीत रोड, बरेली	25-06-91
4.	72880	श्री संजीव कुमार अग्रवाल, ए०सी०ए०, 120/417, लाजपतनगर, कानपुर	08-09-91
5.	73542	श्री दिनेश सिंह, ए०सी०ए०, एल०-4-डी० यूनिवर्सिटी कैम्पस, जयपुर-4	30-08-91
6.	80192	श्री अशोक चन्द्र त्यागी, ए०सी०ए०, ए-31, सूर्यनगर, गाजियाबाद	25-07-91
7.	88695	श्री कैलाश चन्द्र गोयका, ए०सी०ए०, ई-44, सैक्टर-6, नोडिया-201301	01-10-90

सं० 3-सी० सी० ए० (8) (2)/ 91-92— चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम सन् 1988 ई० के विनियम 10 (1) खण्ड-3 के अनुसरण में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सदस्यों को जारी किए गए प्रैक्टिस प्रमाण-पत्र उनके आगे दी गई तिथियों से रद्द कर दिए गए हैं, क्योंकि वे अपने प्रैक्टिस प्रमाण पत्र को रखने के इच्छुक नहीं हैं :—

क्र० सं०	सदस्यता सं०	नाम एवं पता	दिनांक
1	2	3	4
1.	12138	श्री आदित्यनारायन शुक्ला, एफ०सी०ए०, 915, कैरीगन प्लेस, विन्नीपेग, आर० 3 टी० 4 पी० 9, कनाडा	01-04-91
2.	15037	श्री ओम प्रकाश शुक्ला, एफ०सी०ए०, 2/235, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ	15-06-91
3.	70021	श्री नवरतन मन्धाना, एफ०सी०ए०, मन्धाना भवन, चोपसानी रोड, जोधपुर-342003	05-05-91
4.	70114	श्री दिलीप भार्गव, एफ०सी०ए०, 3/11, विष्णुपुरी, कानपुर-208002	22-04-91
5.	70702	श्री उमेश चन्द्र, एफ०सी०ए०, आर०-10/61, न्यू राज नगर, गाजियाबाद	01-07-91
6.	71726	श्री विजय कुमार ठुकराल, एफ०सी०ए०, 127/1/70, डब्ल्यू०-1 ब्लाक, अपो० पराग मिल्क डेयरी कालोनी साकेतनगर, कानपुर-208014	06-06-91
7.	71870	श्री सुन्दरलाल, मालू, एफ०सी०ए०, 506-ए एशियन प्लाजा, बुद्धमार्ग, पटना-800001	25-07-91

1	2	3	4
8.	72307	श्री विजय कुमार, एफ०सी०ए०, यू०पी०एफ०सी० रीजनल-आफिस, बी-10, आवास विकास कालोनी, सहारनपुर	24-07-91
9.	73576	श्री ओमप्रकाश गुप्ता, ए०सी०ए०, 20 गुलमार्ग काम्प्लेक्स, सपना संगीता टाकीज के पास, इन्दौर-452001	17-06-91
10.	74200	श्री दुलीचन्द काबरा, ए०सी०ए०, बी०एच० 67, हिन्डालको कालोनी, सोनभद्र, रेनुकूट-231317	01-04-91
11.	74268	श्री कैलाश जैन, ए०सी०ए०, मार्फत-मैसर्स जगदीश एण्ड कं०, प्रताप चौक, बरन-325205 (राज०)	20-06-91

ए०के० मजूमदार,
सचिव

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

नई दिल्ली, दिनांक 6 दिसम्बर, 1991

सं० एन०-12/13/2/91-यो० एवं वि० —:कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 (1948 का 34) की धारा 97 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कर्मचारी राज्य बीमा निगम उक्त धारा की उप धारा (1) द्वारा यथा अपेक्षित रूप में सुझाव/आपत्तियां आमंत्रित करते हुए भारत के राजपत्र भाग-3, खण्ड-4, दिनांक 22 जून, 1991 में उनके पूर्व प्रकाशन के बाद उसके द्वारा कर्मचारी राज्य बीमा (साधारण) विनियम, 1950 में संशोधित करने के लिए निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात् :—

1. (1) ये विनियम कर्मचारी राज्य बीमा (साधारण) तृतीय संशोधन विनियम, 1991 कहे जाएंगे।

   (2) ये 1 जनवरी, 1992 से लागू होंगे।

2. कर्मचारी राज्य बीमा (साधारण) विनियम, 1950 के विनियम 31-ख के बाद निम्नलिखित नया विनियम 31-ग अन्तः स्थापित किया जाएगा। "31-ग समय पर संदाय नहीं किए गए देय अभिदाय या किसी अन्य राशि पर हर्जाना

विनियम 31 के अधीन निर्धारित अवधि के अन्दर अभिदाय अथवा कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम के अधीन देय किसी अन्य राशि का संदाय नहीं करने वाला नियोजक निम्न अनुसार हर्जाने का संदाय करने के लिए बाध्य होगा :—

विलम्ब की अवधि	प्रतिशत वार्षिक की दर से हर्जाने की दर
(1) 2 मास तक	5 प्रतिशत
(2) 2 मास और अधिक परन्तु 4 मास से कम	10 प्रतिशत
(3) 4 मास तथा अधिक परन्तु 6 मास से कम	15 प्रतिशत
(4) 6 मास और अधिक	25 प्रतिशत

परन्तु निगम, ऐसे किसी कारखाने अथवा स्थापना के सम्बन्ध में जो रुग्ण औद्योगिक कम्पनी के रूप में घोषित किया गया है और जिसके सम्बन्ध में औद्योगिक एवं वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड द्वारा पुर्नवास योजना स्वीकृत की गई है,

(क) उपक्रम (मों) के कामगार सहकारी में हस्तान्तरण सहित प्रबन्ध के परिवर्तन के मामले में अथवा रूग्ण औद्योगिक कम्पनी का किसी स्वस्थ कम्पनी के साथ विलयन अथवा समामेलन के मामले में, उदगृहण अथवा उदगृहणीय हर्जाने को पूर्णतः माफ कर सकता है ;

(ख) अन्य मामलों में गुण दोष के आधार पर उदगृहण अथवा उदगृहणीय, हर्जाने का 50 प्रतिशत तक माफ कर सकता है ;

(ग) अति विशिष्ट मामलों में उदगृहण अथवा उदगृहणीय हर्जाने को पूर्ण अथवा आंशिक रूप में माफ कर सकता है।"

भगवती प्रसाद,
बीमा आयुक्त

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, केन्द्रीय कार्यालय

नई दिल्ली-110001, दिनांक 4 दिसम्बर 1991

सं. पी-4/1/1/87—केन्द्रीय बोर्ड, कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) की धारा-5(घ) की उप धारा 7(क) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के अंतर्गत अधी-

क्षक अभियंता के पदों पर भर्ती पद्धति के नियमन हेतु निम्न-लिखित नियम बनाती है, अर्थात :—

1. (1) संक्षिप्त शीर्ष और प्रारम्भ : (1) ये नियम कर्मचारी भविष्य निधि संगठन अधीक्षक अभियंता भर्ती नियम, 1991 कहलाएंगे।

(2) ये सरकारी राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से प्रवृत्त होंगे ।

2. **प्रयोज्यताय** :—ये नियम, इन नियमों से संलग्न अनुसूची के कालम 1 में उल्लिखित पद पर लागू होंगे ।

3. **पदों की संख्या, वर्गीकरण और वेतनमान** :—पदों की संख्या उनका वर्गीकरण और इससे संबद्ध वेतनमान, इस नियमावली के साथ अनुलग्नित अनुसूची में उल्लिखित कालम 2 से 4 के अनुसार होंगे ।

4. **भर्ती की पद्धति आयु-सीमा और अन्य योग्यता आदि** :—भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, योग्यताएं और कथित पद से संबंधित अन्य मामले, पूर्वोक्त अनुसूची में उल्लिखित कालम 5 से 14 के अनुसार होंगे ।।

5. **अयोग्यताएं** :—उक्त पद पर नियुक्ति के लिए वह व्यक्ति पात्र नहीं होगा :—

(क) जिसने उस व्यक्ति से विवाह किया है जिसकी पति/पत्नी जीवित है या

(ख) जिसने/पतिपत्नी जीवित होने पर किसी अन्य व्यक्ति से विवाह किया है ।

परन्तु केन्द्रीय बोर्ड का यदि यह समाधान हो जाता है कि ऐसे व्यक्ति और विवाह को अन्य पक्ष पर स्वीय विधि के अंतर्गत ऐसा विवाह स्वीकार्य है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार है तो ऐसे किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रचलन से छूट दी जा सकती है ।

6. **शिथिल करने की शक्ति** :—जहां केन्द्रीय बोर्ड का यह मत है कि यह आवश्यक है या ऐसा करना समीचीन है तो वह संघ लोक सेवा आयोग के परामर्श से लिखित में कारणों को रिकार्ड करते हुए आदेश द्वारा व्यक्तियों को श्रेणी के किसी वर्ग के संबंध में इन नियमों के किसी उपबंध में शिथिलता दे सकता है ।

7. **अपवाद** :—इस संबंध में केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार यह नियम अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष वर्गों के व्यक्तियों को दिए जाने वाले आरक्षणों, आयु में शिथिलता और अन्य रियायतों को प्रभावित नहीं करेंगे।

8. **निरस्त करना** :—जी एस आर सं. 142 द्वारा भारत के राजपत्र के भाग-2, खंड-3 उप खंड-3(1) में प्रकाशित, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, निर्माण अभियंता भर्ती-नियम, 1973 इन नियमों के जारी होने की तिथि से निरस्त हो जाएंगे ।

अनुसूची

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	प्रवरण पद है अप्रवरण पद	सीधी भर्ती के लिए आयु सीमा	क्या केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली, 1972 के नियम-30 के अन्तर्गत सेवा के बढ़े हुए वर्षों का लाभ स्वीकार्य है
1	2	3	4	5	6	7
अधीक्षक अभियन्ता (सिविल)	*(1991) *संख्या कार्यभार पर निर्भर करती है	ग्रुप "क" अलिपिक वर्गीय	3700-125-4700-150-5000/-रु०	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

सीधी भर्ती के लिए अपेक्षित शैक्षणिक एवं अन्य योग्यतायें	क्या पदोन्नत किए जाने वाले उम्मीदवारों के मामले में सीधी भर्ती के लिए निर्धारित आयु और योग्यतायें लागू होंगी ।	परिवीक्षा अवधि यदि कोई है	भर्ती का तरीका सीधी भर्ती या पदोन्नतियां प्रतिनियुक्ति/ स्थानांतरण तथा विभिन्न तरीकों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों का प्रतिशत
8	9	10	11
लागू नहीं	लागू नहीं होता	भूतपूर्व सैनिक के द्वारा नियुक्ति पर दो वर्ष	प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण द्वारा सशस्त्र बल श्रमिकों के लिए प्रतिनियुक्ति पुनर्नियोजन पर स्थानान्तरण द्वारा भूतपूर्व सैनिकों के लिए पुनः नियुक्ति

पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण के द्वारा भर्ती के मामले में किस ग्रेड से पदोन्नत/प्रतिनियुक्ति/तबादला किया जाना है।	यदि विभागीय पदोन्नति समिति है तो उसका गठन क्या ?	भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना है।
12	13	14
प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण केन्द्रीय सरकार के अधीन अधिकारी	ग्रुप "क" विभागीय पदोन्नति समिति (भूतपूर्व सैनिकों के स्थाई करने पर विचार करने के लिए)	संघ लोक सेवा आयोग के साथ परामर्श आवश्यक है।
(क) (1) नियमित आधार पर समान पद धारण करना, या	1. अपर सचिव, श्रम मंत्रालय—	
(2) 3000–4500 रु० या समान वेतनमान के पदों पर 5 वर्ष की नियमित सेवा और	अध्यक्ष 2. केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त—	
(ख) निम्नलिखित योग्यतायें तथा अनुभव रखना :— अनिवार्य	सदस्य 3. समुचित हैसियत के संगठन के	
(1) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या समान से सिविल इंजीनियरिंग में डिग्री।	बाहर से एक अधिकारी —सदस्य (कर्मचारी राज्य बीमा निगम से तरजीह पर)	

(11) प्लानिंग डिजाइनिंग निर्माण और सिविल अभियांत्रिकी में पर्यवेक्षक की हैसियत से 10 वर्ष का अनुभव।

सशस्त्र बल कार्मिक के लिए

प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण/भूतपूर्व सैनिकों के लिए पुनः नियुक्ति।

मेजर और उक्त रैंक के सशस्त्र बल कार्मिक जो सेवा निवृत्त होने वाले हैं या जो एक वर्ष के अन्दर स्थानान्तरित होने के लिए आरक्षित हैं और कालम 12 के अन्तर्गत प्रतिनियुक्तियों के लिए निर्धारित योग्यताएं तथा अनुभव रखते हैं, के लिए भी विचार किया जाएगा। यदि उनका चयन हो जाता है, तो उन्हें सशस्त्र बल से मुक्ति की देय तिथि तक प्रतिनियुक्ति की शर्तों पर रखा जाएगा, उसके बाद उन्हें पुनः नियुक्ति की शर्तों पर जारी—रखा जायेगा। ऐसे पात्र अधिकारियों के सेवा निवृत्त होने या वास्तविक पद के चयन से पहले आपेक्षण के लिए स्थानान्तरित किए जाते हैं तो उनकी नियुक्ति पुनः नियुक्ति के आधार पर होगी (सिविल पदों के संदर्भ में निवर्तन की तिथि तक पुनः नियुक्ति)।

(उसी या किसी अन्य संगठन/केन्द्र सरकार के विभाग में इस नियुक्ति के शीघ्र पहले प्रतिनियुक्ति की अवधि जिसमें किसी अन्य बाह्य काडर पर की प्रतिनियुक्ति की अवधि भी शामिल की जाएगी। यह चार वर्ष से अधिक नहीं बढ़ायी जाएगी)

दिनांक 2 दिसम्बर 1991

सं. 2/1959/डी. एल. आई./एक्जम/89/भाग-1/1926—जहां मैसर्स एम. एन. दस्तूर एण्ड कम्पनी लि., पी-17, मिशनरी एक्सटेन्सन, कलकत्ता-700013 (कोड सं. डब्ल्यू बी/1138) ने कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) की धारा 17 की उपधारा 2(क) के अंतर्गत छूट के विस्तार के लिए आवेदन किया है (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है)।

और चूंकि मैं, बी. एन. सोम, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त इस बात से संतुष्ट हूं कि उक्त स्थापना के कर्मचारी कोई अलग अंशदान या प्रीमियम की अदायगी किए बिना जीवन बीमा के रूप में भारतीय जीवन बीमा निगम की सामूहिक बीमा स्कीम का लाभ उठा रहे हैं, जोकि ऐसे कर्मचारियों के लिए कर्मचारी निक्षेप सहबद्ध बीमा स्कीम, 1970 के अंतर्गत स्वीकार्य लाभों से अधिक अनुकूल है (जिसे इसमें इसके पश्चात् स्कीम कहा गया है)।

अतः उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा 2(क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा श्रम मंत्रालय भारत सरकार/केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त की अधिसूचना संख्या 2/1959/डी. एल. आई./एक्जाम/89/पार्ट-1/3015 दिनांक 22-3-1990 के अनुसरण में तथा संलग्न अनुसूची में निर्धारित शर्तों के रहते हुए मैं, बी. एन. सोम, उक्त स्कीम के सभी उपबंधों के संचालन से उक्त स्थापना को और 3 वर्ष के लिए छूट प्रदान करता हूं, जो दिनांक 1-1-1992 से 31-12-94 तक लागू होगा जिसमें यह तिथि 31-12-94 भी शामिल है।

अनुसूची- II

1. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक (जिसे इसमें इसके पश्चात् नियोजक कहा गया है) सम्बन्धित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त, को ऐसी विवरणियां भेजेगा और ऐसे लेखा रखेगा तथा निरीक्षण के लिए ऐसी सुविधाएं प्रदान करेगा जो केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त समय-समय पर निर्दिष्ट करे ।

2. नियोजक, ऐसे निरीक्षण प्रभारी का प्रत्येक मास की समाप्ति के 15 दिन के भीतर संदाय करेगा जो केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (3-क) के खण्ड-क के अधीन समय-समय पर निर्दिष्ट करे ।

3. सामूहिक बीमा स्कीम के प्रशासन में, जिसके अन्तर्गत लेखाओं का रखा जाना, विवरणियों का प्रस्तुत किया जाना, बीमा प्रीमियम का संदाय, लेखाओं का अन्तरण निरीक्षण प्रभार का संदाय आदि भी है, होने वाले सभी व्ययों का वहन नियोजक द्वारा किया जाएगा ।

4. नियोजक, केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित सामूहिक बीमा स्कीम के नियमों की एक प्रति और जब कभी उनमें संशोधन किया जाये, तब उस संशोधन की प्रति तथा कर्मचारियों की बहुसंख्या की भाषा में उसकी मुख्य बातों का अनुवाद स्थापना के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करेगा ।

5. यदि कोई ऐसा कर्मचारी भविष्य निधि का या उक्त अधिनियम के अधीन छूट प्राप्त किसी स्थापना की भविष्य निधि का पहले से ही सदस्य है, उसकी स्थापना में नियोजित किया जाता है तो, नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के सदस्य के रूप में उसका नाम तुरन्त दर्ज करेगा और उसकी बाबत आवश्यक प्रीमियम भारतीय जीवन बीमा निगम को संदत्त करेगा ।

6. यदि उक्त स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभ बताये जाते हैं तो नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभों में समुचित रूप से वृद्धि किए जाने की व्यवस्था करेगा, जिससे कि कर्मचारियों के लिए सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन उपलब्ध लाभों से अधिक अनुकूल हो जो उक्त स्कीम के अधीन अनुज्ञेय है ।

7. सामूहिक बीमा स्कीम में किसी बात के होते हुए भी यदि किसी कर्मचारी की मृत्यु पर इस स्कीम के अधीन संदेय राशि उस राशि से कम है जो कर्मचारी को उस दशा में संदेय होती, जब वह उक्त स्कीम के अधीन होता तो, नियोजक कर्मचारी के विधिक वारिस/नाम निर्देशितों को प्रतिकर के रूप में दोनों राशियों के अन्तर बराबर राशि का संदाय करेगा ।

8. सामूहिक बीमा स्कीम के उपबंधों में कोई भी संशोधन संबंधित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं किया जायेगा और जहां किसी संशोधन से कर्मचारियों के हित पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना हो, वहां क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त अपना अनुमोदन देने से पूर्व कर्मचारियों को अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने का युक्तियुक्त अवसर देगा ।

9. यदि किसी कारणवश स्थापना के कर्मचारी भारतीय जीवन बीमा निगम की उस सामूहिक बीमा स्कीम के, जिसे स्थापना पहले अपना चुकी है अधीन नहीं रह जाता है या इस स्कीम के अधीन कर्मचारियों को प्राप्त होने वाले लाभ किसी रीति से कम हो जाते हैं तो यह रद्द की जा सकती है ।

10. यदि किसी कारणवश नियोजक उस नियत तारीख के भीतर जो भारतीय जीवन बीमा निगम नियत करे, प्रीमियम का संदाय करने में असफल रहता है और पालिसी को व्ययगत हो जाने दिया जाता है तो छूट रद्द की जा सकती है ।

11. नियोजक द्वारा प्रीमियम के संदाय में किए गए किसी व्यतिक्रम की दशा में उन मृत सदस्यों के नाम निर्देशितों या विधिक वारिसों को जो यदि यह छूट न दी गई होती तो उक्त स्कीम के अन्तर्गत होते, बीमा लाभों के संदाय का उत्तरदायित्व नियोजक पर होगा ।

12. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक इस स्कीम के अधीन आने वाले किसी सदस्य की मृत्यु होने पर उसके हकदार नाम निर्देशितों/विधिक वारिसों की बीमाकृत राशि प्राप्त होने के एक माह के भीतर सुनिश्चित करेगा।

सं. 2/1959/डी. एल. आई./एक्जम/89/भाग-1/1932—जहां मैसर्स दी गोधामी सोलवेन्ट आयल प्रा. लि., पो. बा. नं. 7, पाईडीपरु, तनुक (कोड सं. ए. पी./5808) ने कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) की धारा 17 की उपधारा 2(क) के अंतर्गत छूट के विस्तार के लिए आवेदन किया है (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) ।

चूंकि मैं, बी. एन. सोम, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त इस बात से संतुष्ट हूं कि उक्त स्थापना के कर्मचारी कोई अलग अंशदान या प्रीमियम की अवायगी किए बिना जीवन बीमा के रूप में भारतीय जीवन बीमा निगम की सामूहिक बीमा स्कीम का लाभ उठा रहे हैं, जोकि ऐसे कर्मचारियों के लिए कर्मचारी निक्षेप सहबद्ध बीमा स्कीम, 1976 के अंतर्गत स्वीकार्य लाभों से अधिक अनुकूल है (जिसे इसमें इसके पश्चात् स्कीम कहा गया है) ।

अतः उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा 2(क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा श्रम मंत्रालय भारत सरकार/केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त की अधिसूचना संख्या : 2/1959/डी. एल. आई./एक्जाम/89/पार्ट-1/1449 दिनांक 13-2-90 के अनुसरण में तथा संलग्न अनुसूची में निर्धारित शर्तों के रहते हुए मैं, बी. एन. सोम, उक्त स्कीम के सभी उपबन्धों के संचालन से उक्त स्थापना को और 3 वर्ष की अवधि के लिए छूट प्रदान करता हूं, जो दिनांक 30-4-91 से 29-4-94 तक लागू होगा जिसमें यह तिथि 29-4-94 भी शामिल है ।

अनुसूची-II

1. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक (जिसे इसमें इसके पश्चात् नियोजक कहा गया है) सम्बन्धित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त, को ऐसी विवरणियां भेजेगा और ऐसे लेखा रखेगा तथा निरीक्षण के लिए ऐसी सुविधाएं प्रदान करेगा जो केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त, समय-समय पर निर्दिष्ट करे।

2. नियोजक, ऐसे निरीक्षण प्रभारी का प्रत्येक मास की समाप्ति के 15 दिन के भीतर संदाय करेगा जो केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा (3-क) के खण्ड-क के अधीन समय-समय पर निर्देश करे ।

3. सामूहिक बीमा स्कीम के प्रशासन में, जिसके अन्तर्गत लेखाओं का रखा जाना, विवरणियों का प्रस्तुत किया जाना, बीमा प्रीमियम का संदाय, लेखाओं का अन्तरण निरीक्षण प्रभार

का संदाय आदि भी है, होने वाले सभी व्ययों का वहन नियोजक द्वारा किया जायेगा।

4. नियोजक, केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित सामूहिक बीमा स्कीम के नियमों की एक प्रति और जब कभी उनमें संशोधन किया जाये, तब उस संशोधन की प्रति तथा कर्मचारियों की बहु संख्या की भाषा में उसकी मुख्य बातों का अनुवाद स्थापना की सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करेगा।

5. यदि कोई ऐसा कर्मचारी जो कर्मचारी भविष्य निधि का या उक्त अधिनियम के अधीन छूट प्राप्त किसी स्थापना की भविष्य निधि का पहले से ही सदस्य है, उसको स्थापना में नियोजित किया जाता है तो, नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के सदस्य के रूप में उसका नाम तुरन्त दर्ज करेगा और उसके बाबत आवश्यक प्रीमियम भारतीय जीवन बीमा निगम को संदत्त करेगा।

6. यदि उक्त स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभ बढ़ाये जाते हैं तो नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभों में समुचित रूप से वृद्धि किये जाने की व्यवस्था करेगा, जिससे कि कर्मचारियों के लिए सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन अनुज्ञेय है।

7. सामूहिक बीमा स्कीम में किसी बात के होते हुए भी यदि किसी कर्मचारी की मृत्यु पर इस स्कीम के अधीन संदेय राशि से कम है जो कर्मचारी को उस दशा में संदेय होती जब वह उक्त स्कीम के अधीन होता तो, नियोजक कर्मचारी के विधिक वारिस/नाम निर्देशितों को प्रतिकर के रूप में दोनों राशियों के अंतर बराबर राशि का संदाय करेगा।

8. सामूहिक बीमा स्कीम के उपबंधों में कोई भी संशोधन सम्बन्धित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं किया जायेगा और जहां किसी संशोधन से कर्मचारियों के हित पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना हो, वहां क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त अपना अनुमोदन देने से पूर्व कर्मचारियों को अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने का युक्तियुक्त अवसर देगा।

9. यदि किसी कारणवश स्थापना के कर्मचारी भारतीय जीवन बीमा निगम की उस सामूहिक बीमा स्कीम के, जिसे स्थापना पहले अपना चुकी है अधीन नहीं रह जाता है या इस स्कीम के अधीन कर्मचारियों को प्राप्त होने वाले लाभ किसी रीति से कम हो जाते हैं तो यह रद्द की जा सकती है।

10. यदि किसी कारणवश नियोजक उस नियत तारीख के भीतर जो भारतीय जीवन बीमा निगम नियत करे, प्रीमियम का संदाय करने में असफल रहता है और पालिसी को व्यपगत हो जाने दिया जाता है तो छूट रद्द की जा सकती है।

11. नियोजक द्वारा प्रीमियम के संदाय में किये गये किसी व्यतिक्रम की दशा में उन मृत सदस्यों के नाम निर्देशितों या विधिक वारिसों को जो यदि यह छूट न दी गई होती तो उक्त स्कीम के अंतर्गत होते, बीमा लाभों के संदाय का उत्तरदायित्व नियोजक पर होगा।

12. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक इस स्कीम के अधीन आने वाले किसी सदस्य की मृत्यु होने पर उसके हकदार नाम निर्देशितों/विधिक वारिसों को बीमाकृत राशि का संदाय तत्परता से और प्रत्येक दशा में भारतीय जीवन बीमा निगम से बीमाकृत राशि प्राप्त होने के एक माह के भीतर सुनिश्चित करेगा।

सं. 2/1959/डी. एल. आई./एक्जम/89/भाग-1/1938—जहां मैसर्स विजयाराजा एण्ड कम्पनी इन्जीनियरस एण्ड बिल्डर्स, 120 सैनगुप्ता स्ट्रीट, कोयम्बटूर-9 (कोड सं. टी. एन./11467) ने कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) की धारा 17 की उपधारा 2(क) के अंतर्गत छूट के विस्तार के लिए आवेदन किया है (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है)।

चूंकि मैं, बी. एन. सोम, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त इस बात से संतुष्ट हूं कि उक्त स्थापना के कर्मचारी कोई अलग अंशदान या प्रीमियम की अदायगी किए बिना जीवन बीमा के रूप में भारतीय जीवन बीमा निगम की सामूहिक बीमा स्कीम का लाभ उठा रहे हैं, जोकि ऐसे कर्मचारियों के लिए कर्मचारी निक्षेप सहबद्ध बीमा स्कीम, 1976 के अन्तर्गत स्वीकार्य लाभों से अधिक अनुकूल है (जिसे इसमें इसके पश्चात् स्कीम कहा गया है)।

अतः उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा 2(क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा इसके साथ संलग्न अनुसूची में उल्लिखित शर्तों के अनुसार मैं, बी. एन. सोम, उक्त स्थापना की उल्लिखित पिछली तारीख से प्रभावी जिस तिथि में उक्त स्थापना को क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त कोयम्बटूर ने स्कीम की धारा 28(7) के अन्तर्गत छूट प्रदान की है, 3 वर्ष की अवधि के लिए उक्त स्कीम से संचालन की छूट देता हूं। (दिनांक 1-3-91 से 28-2-94 तक)।

अनुसूची-II

1. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक (जिसे इसमें इसके पश्चात् नियोजक कहा गया है) सम्बन्धित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त, को ऐसी विवरणियां भेजेगा और ऐसे लेखा रखेगा तथा निरीक्षण के लिए ऐसी सुविधाएं प्रदान करेगा जो केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त, समय-समय पर निर्दिष्ट करे।

2. नियोजक, ऐसे निरीक्षण प्रभारी का प्रत्येक मास की समाप्ति के 15 दिन के भीतर संदाय करेगा जो केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (3-क) के खण्ड-क के अधीन समय-समय पर निर्दिष्ट करे।

3. सामूहिक बीमा स्कीम के प्रशासन में, जिसके अन्तर्गत लेखाओं का रखा जाना, विवरणियों का प्रस्तुत किया जाना, बीमा प्रीमियम का संदाय, लेखाओं का अन्तरण निरीक्षण प्रभार का संदाय आदि भी है, होने वाले सभी व्ययों का वहन नियोजक द्वारा किया जायेगा।

4. नियोजक, केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित सामूहिक बीमा स्कीम के नियमों की एक प्रति और जब कभी उनमें संशोधन किया जाये, तब उस संशोधन की प्रति तथा कर्मचारियों को बहु संख्या की भाषा में उसकी मुख्य बातों का अनुवाद स्थापना की सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करेगा।

5. यदि कोई ऐसा कर्मचारी, जो कर्मचारी भविष्य निधि का या उक्त अधिनियम के अधीन छूट प्राप्त किसी स्थापना की भविष्य निधि का पहले से ही सदस्य है, उसकी स्थापना में नियोजित किया जाता है तो, नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के सदस्य के रूप में उसका नाम तुरन्त दर्ज करेगा और उसकी बाबत आवश्यक प्रीमियम भारतीय जीवन बीमा निगम को संदत्त करेगा।

6. यदि उक्त स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभ बढ़ाये जाते हैं तो नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभों में समुचित रूप से वृद्धि किये जाने की व्यवस्था करेगा, जिससे कि कर्मचारियों के लिए सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन उपलब्ध लाभों से अधिक अनुकूल हो जो उक्त स्कीम के अधीन अनुज्ञेय है।

7. सामूहिक बीमा स्कीम में किसी बात के होते हुए भी यदि किसी कर्मचारी की मृत्यु पर इस स्कीम के अधीन संदेय राशि उस राशि से कम है जो कर्मचारी को उस दशा में संदत्त होती जब वह उक्त स्कीम के अधीन होता तो, नियोजक कर्मचारी के विधिक वारिसों/नामनिर्देशितों को प्रतिकर के रूप में दोनों राशियों के अन्तर बराबर राशि का संदाय करेगा।

8. सामूहिक बीमा स्कीम के उपबंधों में कोई भी संशोधन सम्बन्धित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं किया जायेगा और जहां किसी संशोधन से कर्मचारियों के हित पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना हो, वहां क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त अपना अनुमोदन देने से पूर्व कर्मचारियों को अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने का युक्तियुक्त अवसर देगा।

9. यदि किसी कारणवश स्थापना के कर्मचारी भारतीय जीवन बीमा निगम की उस सामूहिक बीमा स्कीम के, जिसे स्थापना पहले अपना चुकी है अधीन नहीं रह जाता है या इस स्कीम के अधीन कर्मचारियों को प्राप्त होने वाले लाभ किसी रीति से कम हो जाते हैं तो यह रद्द की जा सकती है।

10. यदि किसी कारणवश नियोजक उस नियत तारीख के भीतर जो भारतीय जीवन बीमा निगम नियत करे, प्रीमियम का संदाय करने में असफल रहता है और पालिसी को व्ययगत हो जाने दिया जाता है तो छूट रद्द की जा सकती है।

11. नियोजक द्वारा प्रीमियम के संदाय में किये गये किसी व्यतिक्रम की दशा में उन मृत सदस्यों के नामनिर्देशितों या विधिक वारिसों को जो यदि यह छूट न दी गई होती तो उक्त स्कीम के अन्तर्गत होते, बीमा लाभों के संदाय का उत्तरदायित्व नियोजक पर होगा।

12. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक इस स्कीम के अधीन आने वाले किसी सदस्य की मृत्यु होने पर उसके हकदार नामनिर्देशितों/विधिक वारिसों को बीमाकृत राशि प्राप्त होने के एक माह के भीतर सुनिश्चित करेगा।

बी. एन. सोम,
केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त

छावनी परिषद

मोरार, दिनांक 5 दिसम्बर 1991

सं० का० नि० आ० 1/17/ सी० ए०— एम०सी० — जबकि भारत सरकार की अधिसूचना संख्या का० नि० आ० 328 दिनांक 19 सितम्बर, 1960 का अधिक्रमण करते हुए तथा छावनी अधिनियम, 1924 (1924 का 2) की धारा 60 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए छावनी परिषद, मोरार ने, उक्त अधिनियम की धारा 61 की अपेक्षानुसार, व्यापार एवं व्यवसाय पर कर लगाने की प्रस्तावित अधिसूचना प्रारूप की सूचना 26 जून, 1991 को प्रकाशित तथा इससे प्रभावित होने वाले सभी व्यक्तियों को आपत्ति और सुझाव प्रस्तुत करने के लिए सूचना प्रकाशित की गई तिथि से लेकर तीस दिन का समय भी दिया गया।

और जबकि परिषद द्वारा दिए गए निर्धारित समय के भीतर किसी प्रकार के सुझाव/आपत्ति प्राप्त नहीं हुई।

अतः अब छावनी अधिनियम 1924 (1924 का 2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा 19 सितम्बर, 1960 की भारत सरकार की अधिसूचना सख्या का० नि० आ० 328 जो 1 अक्तूबर 1960 को प्रकाशित की गई थी, का अधिक्रमण करते हुए, छावनी परिषद मोरार केन्द्रीय सरकार से पूर्व अनुमति लेकर अपनी सीमा के भीतर संलक्षित अनुसूची के कालम 2 में दिए गए व्यापार एवं व्यवसाय करने वाले सभी व्यक्तियों पर कालम तीन में दर्शाए गए दरों पर निर्धारित करता है। परन्तु किसी व्यवसायी/व्यापारी पर 2500/— रुपये से अधिक कर वसूल नहीं किया जाएगा।

अनुसूची

क्र०	विवरण	कर की दर पूर्ण वर्ष या वर्ष के हिस्से के लिए
1	2	3
		रुपयों में
1.	विज्ञापन अभिकर्ता, कम्पनी, संस्था	500
2.	शस्त्र एवं गोला बारूद विक्रेता	250
3.	आटा, दाल, तेल मिल मालिक	250
4.	मानचित्रकार, शिल्पी, परामर्शदाता, यंत्री एवं प्रकाशक	500
5.	नीलाम कर्ता	250
6.	सैन्य सेवा कोर डबल रोटी ठेकेदार	2500
7.	" " कोयला एवं जलाऊ लकड़ी ठेकेदार	2500
8.	" " मुर्गी, अन्डा एवं मछली ठेकेदार	2500
9.	" " मांस ठेकेदार	2500
10.	सैन्य सेवा कोर सूखे फल ठेकेदार	2500
11.	" " डेयरी फार्म, घास, भूसा ठेकेदार	2500
12.	" " बर्फ ठेकेदार	2500
13.	" " दूध ठेकेदार	2500
14.	" " मृदु जल पेय ठेकेदार	2500
15.	" " आलू प्याज ठेकेदार	2500
16.	" " सब्जी ठेकेदार	2500
17.	" " चूना ठेकेदार	2500
18.	यांत्रिक कर्मशाला के मालिक	250
19.	शस्त्र मरम्मत	250
20.	स्थानीय बस सेवा	500
21.	भवन सामग्री (टिम्बर, सीमेंट, ईंटें, पत्थर, बजरी, कोयला, चूना, पत्थर, रेत, रेत और मुरम) बिक्रेता	500
22.	भवन) ठेकेदार	
	(क) 5 लाख से कम लागत का कार्य	250
	(ख) 5 लाख से अधिक और 10 लाख से कम लगत का कार्य	500
	(ग) 10 लाख से अधिक और 20 लाख से कम लागत का कार्य	1000
	(घ) 20 लाख से अधिक और 50 लाख से कम लागत का कार्य	2000
	(ङ) 50 लाख से अधिक लागत का कार्य	2500
23.	बेकरी पदार्थ उत्पादक एवं बिक्रेता	250
24.	साईकिल सुधारक	250
25.	साईकिल दुकान के मालिक	250
26.	बैटरी चार्जिंग कर्मशाला	250
27.	नाई	250
28.	नाई केश कर्तनालय	250
29.	लोहार, तांबा, पीतल या टिन वाला	250
30.	भूसा, घास या अन्य खाद्य बिक्रेता	250
31.	ऊनी दरी, शाल बिक्रेता	250
32.	रसायनज्ञ एवं दवा बिक्रेता	250
33.	भंडार एवं फर्नीचर ठेकेदार	500
34.	विद्युत कार्य ठेकेदार	250
35.	चीनी मिट्टी के बर्तन एवं कांच के बर्तन बिक्रेता	250
36.	बढ़ई	250
37.	बर्तन अभिकर्ता	250
38.	सी० एस०डी० कैन्टीन, यूनिट कैन्टीन	250
39.	मोटर के हिस्से पुर्जे, टायर टयूब आदि के बिक्रेता	500
40.	रेफरीजरेटर बिक्रेता	250
41.	खेल सामग्री बिक्रेता	250
42.	जिल्द साज	250
43.	साईकिल भाड़ा	250
44.	कपड़ा धुलाई रंगाई	250
45.	डेरी वाला	250
46.	जानवर, भेड़, बकरी, सूअर बेचने वाला	250
47.	रद्दी कपड़ा बोरी बेचने वाला	250
48.	मान चित्रकार	250
49.	ढाबा के मालिक	250
50.	दंत चिकित्सक	250
51.	अंग्रेजी शराब की दुकान के मालिक	1000
52.	बिजली का सामान बिक्रेता	250
53.	बिजली सुधारक की दुकान	250
54.	फैक्टरी, मिल या संस्था के मालिक	500
55.	मछली बिक्रेता	250
56.	फल एवं सब्जी बिक्रेता	250
57.	भविष्य वक्ता	250
58.	फटाके बिक्रेता	250
59.	जलाऊ लकड़ी, कोयला बिक्रेता	250
60.	विविध वस्तु बिक्रेता	250
61.	सुनार एवं सोना चांदी व्यवसाय	250
62.	कांच की चूड़ियां बिक्रेता	250
63.	कांच एवं कांच की सजावट का सामान	250
64.	अनाज व्यवसायी	250
65.	होल्टल और लॉज़ मालिक	500
66.	होटल बगैर लॉज के	500
67.	लोहे का सामान एवं रंग के बिक्रेता	250
68.	बीमा एजेन्ट एवं डाक सामग्री एजेन्ट	250
69.	मोटर कार, ट्रक, टैम्पो, स्कूटर व्यवसायी	500

1	2	3
70.	सिनेमा व्यवसायी जिससे प्रवेश शुल्क लगता है	500
71.	अभिकर्ता जिसका छावनी क्षेत्र में कार्यालय हो	250
72.	धोबी	250
73.	चिकित्सा व्यवसायी	500
74.	खनिज जल निर्माणी मालिक	500
75.	पेटी, बाल्टी, एवं अन्य टीन का सामान बनाने वाला	250
76.	मांस की दुकान का मालिक	500
77.	दूध विक्रेता	250
78.	राष्ट्रीयकृत बैंक, वित्तीय संस्था सहकारी बैंक	500
79.	समाचार पत्र विक्रेता	250
80.	उपनेत्रकार या चश्मा व्यवसायी	250
81.	वैयक्तिक वित्त कम्पनी के मालिक	500
82.	पैट्रोल पम्प या पैट्रोल, मोबिल आयल एवं उपस्नेहक व्यवसाय	500
83.	छपाई कारखाना	250
84.	पेन्टर एवं बोर्ड लेखक	250
85.	पान बीड़ी सिगरेट	250
86.	फोटो फ्रेम वाला	250
87.	प्लाई वुड विक्रेता	250
88.	तैयार कपड़े के विक्रेता	250
89.	टी०वी०, वी०सी०आर०, रेफरीजरेटर रेडियो एवं अन्य बिजली के उपकरण	250
90.	रेडियो लाऊडस्पीकर बेचने या किराए पर देने वाला	250
91.	रेजिमेंटल बनिया	250
92.	जूते की दुकान के मालिक	250
93.	मिठाई की दुकान	250
94.	जूते बनाने एवं मरम्मत वाला	250
95.	खेल सामग्री विक्रेता	250
96.	दर्जी की दुकान	250
97.	दर्जी	250
98.	धर्म संस्कारक	250
99.	पेटी, बाक्स, बाल्टी विक्रेता	250
100.	टी०वी०, वीडियो, टेप रिकार्डर, बिजली के उपकरण विक्रेता	250
101.	अलम्यूनियम के बर्तन	250
102.	वैद्य या हकीम	250
103.	होल सेल कपड़ा मर्चेन्ट	500
104.	अनाज, वनस्पति, चीनी, सिगरेट, बीड़ी के थोक व्यवसायी	500
105.	घड़ी साज	250
106.	वैल्डर	250
107.	धोबी	250
108.	कोई दूसरा व्यवसाय जो ऊपर उल्लेखित नहीं है	250

के० पी० शर्मा
छावनी अधिशासी अधिकारी मुरार

वस्त्र मंत्रालय

(वस्त्र समिति)

मुम्बई-400009, दिनांक 26 नवम्बर 1991

सं. 80(18)/85-प्रशा.—एस. ओ. वस्त्र समिति अधिनियम, 1963 (1963 का 41) की धारा 23, सपठित धारा 4 की उपधारा (2) के उपखंड (सी), (डी) तथा (ई), द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए वस्त्र समिति, केन्द्रीय सरकार की पूर्वानुमति से, मिल के बने सूती वस्त्र निरीक्षण विनियम, 1966 में और संशोधन करने हेतु निम्न विनियम बनाती है, यथा :—

1. (1) ये विनियम मिल के बने सूती वस्त्र निरीक्षण (संशोधन) विनियम, 1990 कहलाएंगे ।

(2) ये सरकारी राजपत्र में प्रकाशित होने की तिथि से लागू होंगे ।

2. मिल के बने सूती वस्त्र निरीक्षण विनियम, 1966 (जिनको इसके पश्चात् उक्त विनियम के नाम से निर्दिष्ट किया गया है), के विनियम 2 में खंड (सी), (डी) तथा (ई) के स्थान पर निम्न खंड प्रतिस्थापित किए जाएंगे, यथा :—

(सी) मुख्य दोष से तात्पर्य—

(1) सूत दोष (यार्न डिफेक्ट्स)

(1) स्पष्टतः दिखाई देने वाले स्लब ।

(2) स्पष्टतः दिखाई देने वाले स्लबी यार्न किन्तु जो वस्त्र की लंबाई के साथ-साथ 15 सेंटीमीटर से अधिक न हो ।

(3) स्पष्टतः दिखाई देने वाले रंगीन धब्बे (फ्लेक्स) ।

(2) बुनाई दोष (ताने की दिशा में)

(1) 2 से 4 समीपवर्ती छूटे हुए सिरे या चौड़ाई के आर-पार एक स्थान पर 4 से 6 छूटे हुए सिरे, जो समीपवर्ती न हों ।

(2) 5 से 6 समीपवर्ती छूटे हुए सिरे या चौड़ाई के आर-पार एक स्थान पर 7 से 8 छूटे हुए सिरे, जो समीपवर्ती नहीं हैं तथा 15 सेंटीमीटर से आगे नहीं जा रहे हों ।

(3) स्पष्टतः दिखाई देने वाले रंगीन (चाक चिन्हों के अलावा) या तैलीय या मलिन सिरे ।

(4) फ्लोट-0.5 से 6 वर्ग सेंटीमीटर के 2 या उससे अधिक धागों के दोनों ओर ।

(3) बुनाई दोष (बाने की दिशा में) :—

(1) दरार (क्रेक)—दो या उससे अधिक छूटे हुए पूर्ण पिक्स, जो वस्त्र की लंबाई के साथ साथ 0.5 सेंटीमीटर से अधिक न हों।

(2) स्पष्टतः दिखाई देने वाले वेफ्ट बार या गलत वेफ्ट जो सूत्रांक (काउंट), बटाई (टिवस्ट), रंग, शेड में अंतर के कारण हों, या वेफ्ट यार्न के समीपवर्ती समूहों के पिक स्पेसिंग, जो, 2 सेंटीमीटर से अधिक पिक्स क्रेमिंग को छोड़कर, वस्त्र की लंबाई के 5 सेंटीमीटर से अधिक न हों ।

(3) तैलीय बाने जिनमें एक से अधिक पिक, पूर्णतः या आंशिक रूप से, तेल से अभिरंजित हैं, वस्त्र की लंबाई के साथ-साथ 5 सेंटीमीटर से अधिक न हों ।

